सार-समाचार

मीट की दुकान बंद करवाने की मांग

पाटन (निसं)। नीमकाथाना के वार्ड नंबर 06 के आबादी क्षेत्र में संचालित मीट की दुकान को लेकर स्थानीय निवासी रामोतार कालावत ने जनसुनवाई के दौरान प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना है कि यह दुकान उनके निजी मकान के सामने स्थित है, जिससे स्थानीय निवासियों को असुविधा हो रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार, दो वर्ष पूर्व भी इस दुकान को लेकर आपत्ति जताई गई थी, जिसके बाद पालिका प्रशासन ने इसे बंद करवा दिया था। लेकिन अब फिर से अनवर खान पुत्र इकरामुद्दीन द्वारा मीट की दुकान का संचालन शुरू कर दिया गया है। जब उन्होंने दुकान बंद करने की बात कही, तो दुकान संचालक ने इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की और कहा कि "आप हिंदू-मुस्लिम दंगा करवाना चाहते हैं क्या। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता ने मांग की कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप करे और इस दुकान को बंद करवाए। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि दुकान संचालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में सांप्रदायिक तनाव न बढ़े। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले पर क्या कदम उठाता है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से अनुरोध किया है कि रिहायशी इलाकों में इस तरह की दुकानों को अनुमति न दी जाए ताकि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बना रहे।

विधायकों का सम्मान समारोह कल

खिरोड़, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन द्वारा दिल्ली विधानसभा में नवनिर्वाचित अग्रवाल वैश्य विधायकों का सम्मान समारोह का आयोजन 15 फरवरी को किया एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर संसद मार्ग दिल्ली पर शाम चार बजे से किया जा रहा है। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री एवं खिरोड़ निवासी राजेश भारूका ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग, सांसद प्रवीण खंडेलवाल, दिल्ली प्रदेश भाजपा महामंत्री विष्णु मित्तल के रूप में उपस्थित रहेंगे। डॉ. राजीव अग्रवाल एवं परमीत सिंघवी विशेष सहयोगी रहेंगे। आगे राजेश भारूका ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में अंतराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर द्वारका जालान पुणे द्वारा चलती रही जिंदगी द्वारा हास्य व्यंग्य के माध्यम से मोटिवेशन किया जाएगा। रजनीश गुप्ता आईपीएस द्वारा साइबर क्राइम से बचाव एवं समाधान के बारे में बताया जाएगा। नवनिर्वाचित विधायक शिखा राय, डॉ. अनिल गोयल, अशोक गोयल देवरहा, विजेंद्र गुप्ता, संजय गोयल, रेखा गुप्ता, तिलकराम गुप्ता, अजय माहवार, जितेंद्र महाजन का सम्मान संगठन द्वारा किया जाएगा।

पुलिसकर्मियों का सम्मान किया

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं में गत दिनों शहर के पीपली चौक के समीप एक ट्रेक्टर ट्रॉली में भरे हुए चारे में आग लग गई थी। इस आग पर काबू पाने और बंद रास्ते को खुलवाने में पुलिस के अधिकारियों ने धुएं के बीच पसीना बहाकर कार्य किया था। जिस पर डीआईजी शरद चौधरी ने सदर सीआई ओमप्रकाश, झुंझुनूं टीआई हरफूल के अलावा आरएसी के कांस्टेबल विजयराम, भगवानाराम, महिला कांस्टेबल कांता तथा पूनम का सम्मान किया। छह पुलिस अधिकारियों और पुलिस जवानों को डीआईजी शरद चौधरी ने अपने कार्यालय में बुलाया और सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं नगद पुरस्कार भी देने की घोषणा की। इस मौके पर डीआईजी शरद चौधरी ने बताया कि इन जवानों ने मौके पर बनी विषम परिस्थितियों में भी कार्य किया। इस आग को रोकने में अहम योगदान देने पर बड़ा नुकसान बचाया। साथ ही एक सामान्य व्यक्ति की तरह सड़क पर बिखरे चारे को इकट्ठा किया।

योजनाओं की जानकारी दी

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के तत्वाधान में तालुका विद्युत सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ की अध्यक्ष श्वेता शर्मा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश लक्ष्मणगढ़ के निर्देशन में पैनल अधिवक्ता बाबूलाल ढाका एडवोकेट के द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर में बच्चों को नालसा द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस योजना में नालसा द्वारा संचालित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवा योजना 2015 बच्चों के लिए बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं एवं उनका संरक्षण योजना 2015 वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाओं बाल विवाह कुप्रथा बाल श्रम आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर लक्ष्मणगढ़ अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चिरंजी लाल भूरिया, रिटायर्ड हेड कांस्टेबल ताराचंद विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर सिंह, अध्यापिका अनीता, शारीरिक शिक्षक महेंद्र कुमार बगडिया भी उपस्थित रहे।

खिरोड़ को नगर पालिका बनाने को लेकर ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाई

खिरोड़, (निसं)। कस्बे के गणगौरी चौक में गुरुवार को सुबह 11 बजे खिरोड़ ग्राम पंचायत को नगर पालिका बनाए जाने की मांग को लेकर क्षेत्र के सैंकड़ों लोग एकत्रित हुए। ग्रामीणों ने भाजपा नेता राजेश कटेवा की अगुवाई में हुई आमसभा के दौरान खिरोड़ ग्राम पंचायत को नगर पालिका बनाने को लेकर एकजुटता दिखाई।

इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि सरकार को जाखल व डूंडलोड को नगरपालिका बाद में बनाना चाहिए था। पहले खिरोड़ को नगरपालिका बनाने के लिए खिरोड़ का नंबर लेना चाहिए था। खिरोड़ के लोगों ने यही बात नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल के लिए बोली कि विधायक विक्रम सिंह जाखल को भी सबसे पहले खिरोड़ को नगर पालिका बनवाना चाहिए था और बाद में जाखल व डूंडलोद को नगर पालिका बनवाना चाहिए था। ग्रामीणों ने विधायक विक्रम सिंह जाखल को आगामी मार्च 2025 में सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट में खिरोड़ का नाम नगर पालिका बनाने के लिए सरकार के पास भेजना चाहिए। तब हम मानेंगे कि विधायक

■ 'सरकार को सबसे पहले खिरोड़ को नगर पालिका बनाना चाहिए था, विधायक के प्रति ग्रामीणों ने नाराजगी जताई'

विक्रम सिंह जाखल खिरोड़ के लोगों के सुख-दुख में साथ है।

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता राजेश कटेवा ने कहा कि मेरे को न तो नगर पालिका का अध्यक्ष व पार्षद बनना है और ना ही ग्राम पंचायत में सरपंच बनना है। बल्कि मेरा उद्देश्य खिरोड़ क्षेत्र काफी बड़ा होने से खिरोड़ को नगर पालिका बनवाना है। ताकि मेरे इस क्षेत्र में अच्छा एवं शानदार विकास कार्य हो सके। भाजपा नेता राजेश कटेवा ने 100-200 ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल तैयार करके मुख्यमंत्री से खिरोड़ को नगर पालिका बनाए जाने को लेकर मिलने की भी बात कही।

कटेवा ने कहा कि खिरोड़ ग्राम पंचायत को सरकार एवं प्रशासन तीन-चार भागों में विभक्त करना चाहती है। जिससे छोटी-छोटी ग्राम पंचायतें बन जाएगी। जिससे काफी नुकसान होगा ऐसे में सरकार को चाहिए कि 25000 की आबादी वाली ग्राम पंचायत को नगर पालिका बनाकर उसमें शानदार विकास कार्य करवाने चाहिए। भाजपा नेता राजेश कटेवा ने शुक्रवार को गणगौरी चौक के पास स्थित बालाजी मंदिर में सुबह 11 बजे मौजीज लोगों को एकत्रित होने की अपील करते हुए एक कमेटी बनाकर प्रशासन के पास खिरोड़ ग्राम पंचायत को विभक्त नहीं किए जाने को लेकर आपत्ति दर्ज करवाई जाएगी। वहीं नगर पालिका बनाए जाने को लेकर आगामी कार्यवाही भी की जाएगी।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सरपंच सतीश कुमार भींचर ने कहा कि खिरोड़ को नगर पालिका बनाए जाने के लिए सीढी दर सीढी के हिसाब से कार्यवाही करते हुए क्षेत्र के विधायक व मुख्यमंत्री से मिलकर खिरोड़ को नगरपालिका बनाए जाने के कार्यवाही की जानी चाहिए। सभा के दौरान सभी वक्ताओं ने खिरोड़ को नगर पालिका बनाने के लिए अपनी ओर से सहमति दर्ज करवाते हुए कहा कि खिरोड़ के विकास को लेकर किसी भी समय आगे आने की आवश्यकता पड़ेगी तो हम सभी मिलकर आगे आएंगे और खिरोड़ के विकास में भागीदार बनेंगे। सभा को रिटायर्ड प्रिंसिपल चौथमल कुलदीप, नथमल मीणा, मूलचंद भींचर, किसान नेता अशोक मिठारवाल, पूर्व सरपंच गोरूराम ख्यालिया, उप सरपंच प्रहलाद धानिया, बीरबल सिंह गढ़वाल, बीरबल धेतरवाल, बाबूलाल कटेवा, सीताराम सिंह मेड़तिया, शुभकरण सुंडा, बाबूलाल महरिया ने भी संबोधित किया। सभा में मौजूद सैंकड़ों ग्रामीणों ने खिरोड़ को नगर पालिका बनाए जाने को लेकर दोनों हाथ ऊपर उठाकर अपनी ओर से सहमति जताई। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर कृष्णकांत शर्मा, प्रमोद शर्मा, ताराचंद महला, पेमाराम गिल, सांवरमल गिल, होशियार सिंह कटेवा, हरि सिंह मातवा, जगदीश प्रसाद पायल, किशोर सिंह कालीरावणा, सुमेर सिंह झाझड़िया, श्यामलाल व्यास, भंवर सिंह, पूरणमल कुलदीप, अर्जुन सिंह धेतरवाल, बाबूलाल पाराशर, हभीब खां, रामजीलाल कटेवा, मदनलाल गुर्जर, देवकरण मिठारवाल, सांवतराम गुर्जर, राजपाल कटेवा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

होटल कर्मचारी से मारपीट कर रंगदारी मांगने के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित तीन गिरफ्तार

खेतड़ी, (निसं)। सिंघाना पुलिस ने होटल कर्मचारी से मारपीट कर रंगदारी मांगने के मामले में देर शाम को खेतड़ीनगर थाने के हिस्ट्रीशीटर सहित तीन जनो को गिरफ्तार किया है।

■ मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल करने की दी थी धमकी

आरोपियों ने मारपीट का विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी भी दी थी। थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया कि रंजीतपुरा थाना मंडावा निवासी अशोक कुमार पुत्र बच्चन लाल ने 10 फरवरी को थाने में रिपोर्ट दी कि वह रायल होटल पेलेस पर काम करता है।

इस दौरान होटल पर ढाणी भरगडान निवासी कुलदीप उर्फ केडी, अमरापुरा निवासी सत्येन्द्र, धानोता निवासी अजीत होटल पर आए तथा उसके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान उन्होंने होटल मालिक से हर माह 15 हजार रुपए मंथली देने की मांग की। मारपीट के दौरान बदमाशों ने उसका एक विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी।

हर माह मंथली नहीं देने पर उन्होंने होटल नहीं चलने देने की बात कहकर जान से मारने की धमकी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी शरद चौधरी ने डीएसपी नोपाराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिस पर पुलिस ने उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देकर ढाणी भरगडान निवासी कुलदीप उर्फ केडी पुत्र ताराचंद गुर्जर, अमरपुरा निवासी सत्येन्द्र पुत्र धर्मेंद्र व धानोता निजामपुर निवासी अजीत पुत्र रोशनलाल गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी कुलदीप उर्फ केडी खेतड़ीनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ 11, अजीत के खिलाफ आर्म्स एक्ट व सत्येन्द्र के खिलाफ पोक्सो का मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी रामसिंह यादव, एचसी कुलदीप, कांस्टेबल चोखाराम, योगेन्द्र, अजय आदि शामिल थे।

40 किसानों का दल मेरठ के लिए रवाना

झुंझुनूं, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणा की पालना में गुरूवार को झुंझुनूं के 40 किसानों का दल यूपी के मेरठ के लिए रवाना हुआ। कलेक्ट्रेट से किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा व कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. शीशराम जाखड ने रवाना किया। इस मौके पर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि इन किसानों के प्रशिक्षण से ना केवल इन्हें, बल्कि अन्य किसानों को भी फायदा होगा। उप निदेशक डॉ. शीशराम जाखड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट घोषणा की थी। जिसके मुताबिक 40 किसानों को यूपी के मेरठ में स्थित सरदार पटेल कृषि विश्वविद्यालय भेजा जा रहा है। यह सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण 19 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान मेरठ में जिले के किसान हाईटेक उद्यानिकी और खेती के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। वहीं मेरठ के पास पड़ौस के इलाकों में काम कर रहे प्रगतिशील किसानों से भी रूबरू होंगे।

महाराज सूरजमल की जयंती मनाई

गुढ़ागौड़जी, (निसं)।टोडी में स्थित वीर तेजाजी शिक्षण संस्थान गुढागौडजी में भरतपुर के संस्थापक महायोद्धा महाराज सूरजमल की जयंती मनाई गई।

जयंती समारोह में महाराज सूरजमल की चित्र को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी तथा पंसस रामसिंह खेदड सहित अनेक वक्ताओं ने महाराज सूरजमल जी की जीवनी के बारे में बताया। इस अवसर पर रामसिंह खेदड, जगदीश कुलहरि, रामकुमार रेपस्वाल, बूंटीराम टोडी, खेमचंद खेदड, अंकेश खैरवा पोसाना, धर्मपाल सीथल, विद्याधर बांगडवा, महताब सिंह, गंगाधर भोडकी, प्रवीण मेचू, सुनिल, पवन चौधरी, सचिन चौधरी, दुर्गाप्रसाद, गोरूराम कुलहरि, सज्जन नीतड, ओमप्रकाश, महावीर खेदड, पोकरमल टीटनवाड, कुरडाराम सहित अनेक मौजूद थे।

शिविर में 344 रोगी लाभान्वित

नवलगढ़, (निसं)। शारदा क्रोपकेम लिमिटेड मुंबई के आर्थिक सौजन्य से सामाजिक विकास हेरिटेज एंड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउंडेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति के आर्थिक सहयोग, डॉ. विमलेश आई केयर मेडिको सोसासटी तथा अलॉयंस क्लब लार्ड कृष्णा द्वारा आयोजित 214 वां नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर छावसरिया धर्मशाला में आयोजित किया गया। शिविर में 344 रोगी लाभान्वित, 68 रोगियों का आपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनका ऑपरेशन जांगिड अस्पताल में डॉ. अविनाश पुरोहित की टीम द्वारा किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी कंट्रोलर बीएसएफ दिल्ली अतिथि ने लाभार्थियों की संख्या देखकर प्रसन्नता जताई। शिविर संयोजक डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने बताया कि शिविर में पिछले शिविर के 68 लोगों को जांच कर सफेद चश्में दिए। सभी को रोशनी प्राप्त हो गई है। शिविर में रोगियों को खाना, नाश्ता, दवा, चश्में नि:शुल्क प्रदान किए जाते हैं।

जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। परिवार हर बच्चे का अधिकार एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल अधिकारिता विभाग झुंझुनूं द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद कुमार ओला के निर्देशन में परिवार हर बच्चे का अधिकार एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के 0 से 18 वर्ष तक की आयु के पारिवारिक देखरेख से वंचित बच्चों को व्यक्तिगत पालन पोषण देखरेख प्रदान करना है। इस जागरूकता कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 बाल अधिकारिता विभाग की टीम ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी, पोक्सो एक्ट और गुड टच बैड टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन झुंझुनूं के जिला समन्वयक महेश कुमार मांजू, काउंसलर अरविंद कुमार व केस वर्कर नरेंद्रसिंह भाटी ने बच्चों को इन मुद्दों से निपटने के लिए कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 हर समय बच्चों की सुरक्षा और उनकी मदद के लिए तैयार रहती है। जिससे बच्चों को किसी भी प्रकार की हिंसा, शोषण और उत्पीड़न से बचाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला परियोजना समन्वयक महेश कुमार मांजू ने बताया कि जिले के इस्लामपुर के दो विद्यालयों एवं माखर के एक विद्यालय में कार्यक्रम किया गया। जिसमें सेठ रामप्रताप सौंथलिया राउमावि इस्लामपुर के प्रधानाचार्य रामकृष्ण महरिया, अध्यापिका अलका, उप प्राचार्य रविन्द्र कुमार, व्याख्याता जतिन कटारिया, अंशु शेखर, इरम खान इत्यादि एवं इसी क्रम में सेठ रामकुमार सोमानी राजकीय बालिका उमावि इस्लामपुर की प्रधानाचार्या सुनिता देवी, उप प्रधानाचार्या सुलोचना मीणा, व्याख्याता सुनित, मंजू, संगीता, नीरज वरिष्ठ अध्यापिका, रीना, अंजना, रूकमणी एवं राजेश तथा सेठ जोहरीमल जुगल किशोर राउमावि माखर के प्रधानाचार्य गोरधन सिंह, सुमनलता, व्याख्याता महेंद्रसिंह, वरिष्ठ अध्यापक अजीत कुमार, राकेश कुमार सुमन, रामनिवास इत्यादि सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों को बाल विवाह से जुडे खतरों और उसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही उन्हें यह बताया गया कि बाल विवाह से बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास प्रभावित होता है और इससे कई सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को साकार करने के लिए बाल अधिकारिता विभाग द्वारा जिले के काफी विद्यालयों में बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा रहा है।

अदालती सूचना दि. 07.02.2025

न्यायालय श्रीमान सीनियर जज (जूनियर डिविजन) नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल

मूल वाद संख्या-30 सन् 2024

समीर बवेजा बनाम श्री सुभाष गुप्ता व अन्य

समन बनाम प्रतिवादी

श्री राजकुमार पुत्र श्री लीलाधर निवासी-बुहाना, पचेरी खुर्द, झुंझुनू, राजस्थान-333515

चूंकि वादी समीर बवेजा द्वारा आपके व अन्य प्रतिवादीगण के विरूद्ध उपरोक्त दीवानी मूल वाद इस न्यायालय में वास्ते विलेख को शून्य घोषित करने एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत किया गया है। जिसमें आप प्रतिवादी की ओर से जबाबदावा प्रस्तुत करने एवं वाद बिन्दु विरचित किये जाने हेतु दिनांक 11.03.2025 की तिथि नियत की गयी है। यदि आप प्रतिवादी को अपनी ओर से उपरोक्त वाद में कोई भी जबाबदावा प्रस्तुत करना हो तो उपरोक्त तिथि को स्वयं अथवा बजरिये अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर देंवें अन्यथा उपरोक्त वाद में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक 07.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

प्रबंधक सिविल जज
नई टिहरी, टिहरी गढवाल

खेलकूद गतिविधियों में मोदी कॉलेज गुढ़ा का शानदार प्रदर्शन रहा

गुढ़ागौडजी, (निसं)। इस वर्ष सेठ श्री केदारनाथ मोदी राजकीय महाविद्यालय गुढ़ागौड़जी के विद्यार्थियों ने खेलकूद गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन किया है। खेलकूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खेल सप्ताह का आयोजन 26 अगस्त 2024 से 31 अगस्त 2024 तक मेजर ध्यानचंद की स्मृति में भव्य रूप से किया गया।

इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में रस्साकसी, बास्केटबॉल, दौड़ सहित कई प्रमुख खेल शामिल रहे। जिससे विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास हुआ और टीम वर्क एवं अनुशासन के गुणों को बढ़ावा मिला। महाविद्यालय खेल आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है और अब तक तीन बार विश्वविद्यालय खेलों की मेजबानी कर चुका है। वहीं 25 और 26 अक्टूबर 2024 को शेखावाटी विश्वविद्यालय के अंतर्गत अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 23 महाविद्यालयों के 80 छात्रों ने क्रॉस कंट्री दौड में भाग लिया। वहीं 25 अक्टूबर को आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता में 11 टीमों एवं 70 खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय गुढ़ागौडजी उप विजेता रहा। बास्केटबॉल में मंजीत, अंकित और कुंदन सिंह ने विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। हॉकी में मोनिका ने महाविद्यालय की ओर से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जनवरी माह में आयोजित खेल सप्ताह में टेबल टेनिस, बास्केटबॉल सहित विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ. कुलदीप ढाका को गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर जिला स्तर पर सम्मानित किया गया, जो महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनिता झाझड़िया ने कहा कि खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो रहा है और इस वर्ष खेलों के क्षेत्र में महाविद्यालय ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महाविद्यालय का यह सतत प्रयास खेल संस्कृति को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2024/ दिनांकः-.....

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी जसवंत सोनी पुत्र श्री दुर्गाराम साकिन वार्ड नं. 19 रावतसर ने आवेदन कर अपने आवासीय भूखंड साईज 74.41 वर्गगज का नामांतरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखंड का मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा स्टेट ग्रान्ट एक्ट के तहत पालिका आदेश क्रमांक 1991 दिनांक 13.01.1992 को श्री बिशनदास पुत्र श्री रूधमल जाति सिंधी के नाम से 74.41 वर्गगज का जारीशुदा है। मूल आवंटी द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 22.07.2024 के द्वारा श्री गौत्तम कुमार पुत्र श्री पवन कुमार को साईज 74.41 वर्गगज का बैचान कर दिया। श्री गौत्तम कुमार द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 27.12.2024 को प्रार्थी को बैचान कर दिया। अतः प्रार्थी अपने नाम से नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस वगी अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/ दिनांकः-.....

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ख्यो भगवान पुत्र श्री हेतराम साकिन वार्ड नं. 05 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने खरीदशुदा भूखंड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर भूखंड साईज 2933.10 वर्गफुट या 272.59 वर्गमीटर का नामान्तरण श्री ख्यो भगवान, मंगतुराम, महेन्द्र कुमार, शारदा, सुरेन्द्र व दुर्गाराम के नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाने हेतु आवेदन किया है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्रीमती मीरा देवी पत्नी श्री हेतराम के नाम से साईज 2933.10 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्रीमती मीरा देवी की मृत्यु दिनांक 30.03.2024 को हो चुकी है। जिनके जायज वारीस ख्यो भगवान, मंगतुराम, महेन्द्र कुमार, शारदा, सुरेन्द्र व दुर्गाराम है। जिसका वारीस प्रमाण पत्र माननीय न्यायालय अपर जिला न्याधीश रावतसर जिला हनुमानगढ़ द्वारा जारीशुदा है। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/ दिनांकः-.....

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया प्रवीणा बानो पत्नी महबुब खान जाति मुसलमान साकिन रावतसर ने वार्ड नं. 25 में ऑनलाईन आवेदन कर अपने आवासीय भूखंड साईज 299.16 वर्गमीटर का नामांतरण अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री भागीरथ पुत्र श्री काशी राम जाति कुम्हार के नाम से दिनांक 05.07.2023 द्वारा साईज 299.16 वर्गमीटर का जारीशुदा है। श्री भागीरथ ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 23.12.2024 को श्रीमती प्रवीणा बानो पत्नी महबुब खान को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अंत उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

जिला कलेक्टर रामावतार मीणा को ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं, (निसं)। बुधवार को गुर्जर समाज के देवनारायण मंदिर के भक्तों ने जिला कलेक्टर रामावतार मीणा को ज्ञापन सौंपा। देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि भीलवाडा जिले के मांडल में 45 वर्षों से बंद देवनारायण मंदिर की चाबी पुलिस थाने में जमा है। जल्दी चाबी देवनारायण मंदिर के पुजारी को दिलाई जाए। ताकि देवनारायण भगवान की पूजा अर्चना समय पर हो सके गुर्जर समाज काफी आहत है। गुर्जर समाज के लोग देवता देवनारायण भगवान की लंबे समय से पूजा अर्चना नहीं हो रही है। देवनारायण मंदिरों को देवस्थान भाग में शामिल करने की बात भी कही। इस मौके पर सभी हीरामल देव महाराज के भक्तों को देवनारायण मंदिर के भक्तों ने कहा कि जल्द ही अगर देवनारायण भगवान का मंदिर नहीं खोला गया। तो सर्व समाज बडा आंदोलन करेगा।

इस मौके पर सभी लोगों ने पूरे जिलेभर में देवनारायण मंदिर को खोलने के लिए जिलेभर में पूरा अभियान चलाने की रूपरेखा तैयार की। इस मौके पर देवसेना के प्रदेश सचिव

■ 45 वर्षों से बंद देवनारायण मंदिर की चाबी पुजारी को देने की मांग

■ देवनारायण मंदिर को खोलने के लिए जिलेभर में पूरा अभियान चलाने की रूपरेखा तैयार की

धर्मपाल गुर्जर केसरीपुरा, गुरुजी बागेश गुर्जर इस्माइलपुर, देवसेना गुढ़ागौड़जी अध्यक्ष सुमेर धाबाई, भगत लीलाराम गुर्जर, भगत विकास गुर्जर, भगत संजय गुर्जर, भगत मुकेश गुर्जर, देवनारायण मंदिर के महंत शंकर भाटी सैनीपुरा, भगत विक्रम गुर्जर, भगत योगेंद्र गुर्जर, भगत राजू गुर्जर गुर्जरों की नांगली, भगत दीपक गुर्जर इस्माइलपुर, गुर्जर समाज के पांच प्रतिशत आरक्षण को 9वीं अनुसूची में डलवाने की बात भी रखी गई। इस मौके पर सभी भक्तों ने देवनारायण भगवान की जयकारा लगाते हुए कलेक्ट्रेट झुंझुनू पहुंचे।

LIC's
बीमा सखी
महिला कैरियर एजेन्ट
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
एलआईसी के साथ अपना विकास सुनिश्चित करें
• तीन साल के लिए स्टाइपेंडरी स्कीम.
• न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता: 10वीं पास से लेकर कोई भी उच्च शिक्षा.
• न्यूनतम पूर्ण आयु: आवेदन के समय 18 वर्ष.
• एजेंसी स्टाइपेंडरी अवधि में एवं उसके पश्चात नियमानुसार कमीशन के साथ जारी रहेगी.
• शर्तों के अधीन एलआईसी अपने एजेंट्स को कैरियर के अवसर भी प्रदान करती है.
• निर्दिष्ट मानदंडो की प्राप्ति पर आधारित स्टाइपेंडरी योजना
स्वावलंबी नारी, खुशहाली हमारी
LIC/M1/2024-25/32/Hin
आवेदन के लिए, नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या www.licindia.in पर विज़िट करें
हमें फौलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
भ्रामक फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी वाले ऑफर्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई बीमा पॉलि